हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]




Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA
MAKERS
Own your real asset.
A FESTIVE WELCOME AWAITS AT YOUR NEW ADDRESS OF SERENE LANDSCAPED GARDENS.
CLASSICAL FROM OUTSIDE. MODERN FROM INSIDE.
Artist's Impression
Bilaspur's Most Awaited Premium Township
of DEVELOPED PLOTS and
2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
New Town
Own it!
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy
TO AVAIL Diwali PRE-LAUNCH OFFER, CALL:
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
निगम आयुक्त ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के लिए दिए निर्देश



**खबर संक्षेप**

### मेजर ध्यानचंद चौक से बालको सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया जारी

**कोरबा।** अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग संभाग कोरबा ने रिस्दी चौक मार्ग से बालको की सड़क की समस्या के सम्बंध में बताया कि मेजर ध्यानचंद चौक से बालको होते हुए रिस्दी चौक मार्ग की कुल लंबाई 9 किलोमीटर है, जो कि बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में शामिल था। जिसके अंतर्गत ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक की प्रशासकीय स्वीकृति कार्यालय जिला खनिज न्यास कोरबा द्वारा आदेश 17 मई 2025 एवं तकनीकी स्वीकृति मेजर ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक एवं रिस्दी रिस्दी चौक तक राशि 2598.47 लाख लंबाई 5.74 किमी 9 सितम्बर 2025 को प्राप्त हुआ। रिस्दी चौक मार्ग के चैनेज 8730 में हैं। शासन द्वारा 6 जून को उक्त मार्ग में कार्य संपादित कराए जाने की अनुमति प्राप्त हुई है। वर्तमान में कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन हैं, निविदा उपरांत कार्यादेश होते ही मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने रिस्दी चौक में जल जमाव व पानी निकासी की समस्या के बारे में जानकारी दी है कि निर्माण कार्य के प्राक्कलन में पानी निकासी के लिए एवं जलजमाव के निराकरण के लिए उचित प्रावधान लिया गया है। स्वीकृत प्राक्कलन में विद्युत यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग द्वारा स्ट्रीट लाईट प्रावधानित हैं। मार्ग में बालको प्लांट से भारी वाहनों का आवागमन होता हैं एवं मार्ग की क्षमता से अधिक दबाव होने के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त होता हैं। इसके लिए नवीन स्वीकृत मार्ग मेजर ध्यानचंद चौक से बालको होते हुए रिस्दी चौक सीसी 2 लेन मार्ग निर्माण हो जाने से यातायात सुगम होगा, साथ ही जक्शंन सुधार एवं जल निकासी का समाधान भी हो जायेगा।

## 14 सीटों के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा दी गई अनुमति

# मेडिकल कालेज अस्पताल को मिली पीजी की मान्यता




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल अस्पताल कोरबा में चार विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू होने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा अनुमति प्राप्त हो गई है वर्तमान सत्र से पाठ्यक्रम हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। जिसमें एमडी एनेस्थीसिया की तीन सीट, एमडी स्त्रीरोग की 3 सीट, एमडी जनरल मेडिसिन 4 सीट, एमडी जनरल सर्जरी की 4 सीट के लिए अनुमति दी गई है।

**खास बात**

- अब एनेस्थीसिया, स्त्री रोग, जनरल मेडिसीन, जनरल सर्जरी में भी होगी एमडी की पढ़ाई

नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चार विषयों पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के शुरु होने से जिले सहित उपनगरीय क्षेत्रों में निवासरत लोगों व सीमावर्ती जिलों के लोगों को भी इलाज में मददगार साबित होगी। शासकीय बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय प्रारम्भ होने के बाद इस दिशा में तेजी से कार्य शुरु हुए। 4 वर्ष में चिकित्सा में पर्याप्त सीटें हासिल हुई है। इसका लाभ चिकित्सा छात्रों को मिल रहा है। आदिवासी जिला कोरबा में स्थापित मेडिकल कालेज में छग सहित अन्य प्रदेशों के छात्र-छात्राएं चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययनरत हैं, अब महाविद्यालय में पीजी के एमडी एनेस्थीसिया, स्त्रीरोग, व जनरल सर्जरी व जनरल मेडिशिन के संकाय का लाभ उच्च शिक्षा के लिए मिल सकेगा। कोरबा मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए बीते वर्षों में राज्य सरकार तक पहल की गई और वहां से केन्द्र को प्रस्ताव भेजा गया। जिले की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। जिसके बाद पुराने जिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध होकर चलाया जा रहा है। यहां पर पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञों और स्टाफ की पदस्थापना किए जाने से कोरबा सहित आसपास के जिले के मरीजों को लाभ मिल रहा है।

**सामूहिक प्रयासों से मिली सफलता : ज्योत्सना**



सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि शासकीय बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय प्रारम्भ होने के बाद इस दिशा में तेजी से कामकाज हुए। कोरबा चिकित्सा महाविद्यालय में सामूहिक प्रयासों से भवन निर्माण के साथ-साथ अन्य जरूरी अधोसंरचना के लिए फंड आबंटित हुआ है और मेडिकल कालेज भवन सर्व सुविधा युक्त हॉस्टल सहित अन्य जरूरतों के लिए भवन का निर्माण कार्य जारी है। मेडिकल सेक्टर के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी। गायनिक, मेडिसीन, सर्जरी, एनेस्थिसिया जैसे विभाग शुरू किए जाएंगे, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की जागरूक पहल से छात्रों के अनुसंधान कार्यों के लिए पार्थिव शरीर भी लगातार प्राप्त हो रहे है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के सफर को उपलब्धि बताया और कहा कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया है। साथ ही स्थानीय मेडिकल कॉलेज के टीम की कोशिशों से इसकी व्यापकता बढ़ रही है जो सराहनीय कदम है।

## शासकीय कर्मचारियों को अक्टूबर माह का मिलेगा अग्रिम भुगतान

**कोरबा।** शासकीय कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। दीपावाली के त्यौहार को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने कर्मियों के अक्टूबर माह के वेतन का अग्रिम भुगतान करने का निर्णय लिया है। इस सम्बन्ध में वित्त विभाग के उप सचिव ऋषभ कुमार पाराशर ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें 17 एवं 18 अक्टूबर तक, दो दिन के भीतर वेतन जारी करने कहा गया है। शासन द्वारा समस्त कलेक्टर को जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता भाग-1 के सहायक नियम 208 (1) के तहत शासकीय कर्मचारियों के मासिक वेतन का भुगतान माह के अंतिम 2 कार्य दिवसों में करने का प्रावधान है। 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में माह अक्टूबर का वेतन 17 व 18 अक्टूबर को अग्रिम भुगतान करने निर्देशित किया गया है।

# कोरबी धतुरा में पुलिस की लगी चौपाल ग्रामीणों को किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत 14 अक्टूबर को हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कोरबी धतूरा स्थित विद्यालय में साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों एवं महिला-संबंधी अपराधों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला साइबर सेल कोरबा, यातायात पुलिस एवं महिला सेल की संयुक्त टीम द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल सुरक्षितता, इंटरनेट के दुरुपयोग से बचाव, महिला सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में जिला साइबर सेल के डेमन ओग्रे द्वारा विद्यार्थियों को जिन विषयों पर व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया उनमें साइबर-बुलिंग की परिभाषा, उसके दुष्परिणाम एवं रोकथाम के उपाय, साइबर अपराधों के प्रकार तथा सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने के सुरक्षा निर्देश, इंटरनेट एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपाय, ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी एवं संदिग्ध लिंक्स से सतर्क रहना, ऑनलाइन व्यवहार की जिम्मेदारियां, पासवर्ड सुरक्षा एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह, शिक्षा एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग पर विद्यार्थियों को केंद्रित रहने हेतु प्रेरित किया गया। महिला सेल की टीम द्वारा महिला-संबंधी अपराधों एवं उनकी रोकथाम के संबंध में छात्राओं को जागरूक किया गया। वहीं यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन, सड़क सुरक्षा, तथा हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दीपावली पर मिट्टी के दिए अपनाकर बढ़ाएं जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीवाली रोशनी का पर्व है पर असली रोशनी वही है जो अपनेपन से जगमगाए। जिले में इस बार फिर मिट्टी के दिए बनाने की परंपरा पूरे जोश में है। शहर के कुम्हार परिवार अपने हाथों से ऐसे दीये गढ़ रहे हैं जो न सिर्फ घरों को बल्कि दिलों को भी रौशन कर रहे हैं। जिले के विभिन्न इलाकों में इन दिनों कुम्हार बस्तियाँ जीवंत हो उठी हैं। महिलाएँ रंगीन दियों को सजाने में व्यस्त हैं, बच्चे मिट्टी गूँथ रहे हैं और बुज़ुर्ग अनुभव से हर दिए को सुंदर आकार दे रहे हैं। ये सिर्फ दीये नहीं बल्कि मेहनत परंपरा और आत्मसम्मान का प्रतीक हैं। आज जब एलईडी लाइटें और इलेक्ट्रिक झालरें हर कोने को चमका रही हैं तब आइए इस बार कुछ अलग करें।स्थानीय कुम्हारो से मिट्टी का दिया खरीदकर न सिर्फ अपने घर को बल्कि कोरबा की असली पहचान को रोशन करें। क्योंकि यह सिर्फ एक दीप नहीं भावना है परंपरा है और हमारी मिट्टी की खुशबू से जुड़ा गर्व है। दीया बनाने वाले कलाकार कहते हैं दीवाली तभी सच्ची होती है जब हाथों से बने मिट्टी के दिए जलाए जाएं। उनकी बात में सच्चाई भी है और संवेदना भी। जब हम इन दियों को जलाते हैं, तो सिर्फ घर रोशन नहीं होते किसी गरीब परिवार का आँगन भी उजाला पाता है। इस बार की दिवाली पर आइए कोरबा की इस परंपरा को सलाम करें। एक बार फिर लौट चलें मिट्टी की उस सोंधी महक की ओर जहाँ दीए सिर्फ जलते नहीं जीते हैं।



25 अक्टूबर से शुरू होगा भगवान सूर्य की उपासना व छठी मईया की पूजा अर्चना का पर्व

# निगम आयुक्त ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर स्थित छठ घाटों में पहुंचे। उन्होंने छठघाटों का निरीक्षण किया। वहां की जाने वाली विविध व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं छठघाटों की साफ सफाई, चेजिंग रूम स्थापना, पानी व प्रकाश व्यवस्था, छठघाटों तक पहुंचने के लिए मार्ग की सफाई एवं आवश्यक मरम्मत सुधार कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि भगवान सूर्यदेव की उपासना व छठी मईया की पूजा अर्चना के महान पर्व छठपर्व की शुरूआत इस वर्ष 25 अक्टूबर को नहाय खाय से हो रही है तथा अगले दिनों क्रमशः खरना, छठ पूजा, संध्या अर्ध्य आदि के साथ 28 अक्टूबर की सुबह भगवान सूर्य को अर्ध्य प्रदान कर पर्व का समापन होगा। निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्थित समस्त छठघाटों में आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के संबंध में मंगलवार को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने ढेगुरनाला स्थित छठघाट, बालको बेलगरी नाला राममंदिर के समीप स्थित छठघाट एवं पम्प हाउस स्थित छठघाट का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया तथा विभिन्न छठघाटों में की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में स्थल का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने छठघाटों में आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्य एवं विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ छठघाटों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता बाबत आवश्यक कार्यवाही त्वरित रूप से प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ घाटों में स्नान के पश्चात चेजिंग के लिए चेजिंग रूम स्थापित कराएं एवं छठघाटों में आने-जाने के मार्गों में रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रहे यह भी सुनिश्चित करें। स्ट्रीट लाईटों को चेक कर लें एवं आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था भी करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने छठघाट तक आने जाने के मार्ग की साफ-सफाई व आवागमन को सुगम बनाए जाने के संबंध में भी त्वरित रूप से कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। छठ घाटों के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, लीलाधर पटेल, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, दिलेश्वर सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, उपअभियंता सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास, पुरूषोत्तम शर्मा, रामू पाण्डेय आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति पर कार्यक्रम के साथ विविध गतिविधियों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में शासन प्रशासन के विशेष निर्देश पर व प्राचार्य पूनम दुबे के प्रमुख संरक्षण पर नशा मुक्ति अभियान के साथ-साथ विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। राजेन्द्र कुमार नायक प्रभारी ने बताया कि विद्यार्थियों के अंदर सभी पहलुओं का विकास करना जरूरी है। इसी परिपेक्ष्य में उत्कृष्ट गुणवत्ता हेतु विद्यालय में सतत प्रयास जारी है। जिसमें प्रमुख छात्र प्रतिनिधित्व एवं पीयर्स ग्रुप निर्माण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, पौधारोपण के साथ विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया जा रहा है। जिससे छात्रों के अंदर समस्त बौद्धिक, नैतिक, व्यवहारिक, शैक्षिक गुणवत्ता का विकास हो सके। नशा मुक्ति हेतु अपील करते हुए शपथ व कम से कम 10-10 लोगों को जागरूक करने की विशेष अपील किया गया साथ ही पीयर्स ग्रुप रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, बापू, विवेकानंद ग्रुप का निर्माण करके उत्कृष्ट छात्रों को मध्यम व नीचे स्तर के साथ समूह बनाकर स्वच्छ परिचर्चा विषयवार आपस में बातचीत करना है। विद्यालय संचालक में शाला नायक, शाला नायिका चयन व अनुशासन, खेल, सांस्कृतिक सचिवों, उपसचिव का नियुक्ति किया गया है ताकि समस्त दायित्वों को निर्वहन करते हुए विद्यालय संचालन में विद्यार्थियों का योगदान रहे।










SHUBH धनतेरस
DISHA MOBILES
छत्तीसगढ़ का सबसे भरोसेमंद मोबाइल डेस्टिनेशन!
यहां मिलेंगे Genuine Offers, Big Range और Best Deals हर दिन!
इस दिवाली दिशा मोबाईल वाली
DISHA MOBILES
DISHA MOBILE
स्पेशल ऑफर और फायदे
CASH BACK
Genuine Offers – सभी ऑफर पूरी तरह ओरिजिनल और वैलिड।
Most Trustable Store – छत्तीसगढ़ का सबसे भरोसेमंद मोबाइल स्टोर।
Big Range – हर ब्रांड, हर बजट के मोबाइल और लैपटॉप की विशाल रेंज।
Cashback Offer – खरीदारी पर 5,000 तक का कैशबैक।
Bajaj Finance से फाइनेंस करवाने पर 3,500 तक का कैशबैक।
सभी कंपनी के मोबाइल और लैपटॉप पर फाइनेंस पेमेंट करने पर भी 3,500 तक का कैशबैक।
स्पेशल गिफ्ट और स्कीम
Free Ear Buds – हर ग्राहक के लिए।
Oppo F31 खरीदने पर Safari Trolley Bag बिल्कुल फ्री।
Oppo F31 खरीदने पर Bangkok जाने का सुनहरा मौका! (लकी ड्रॉ में सिर्फ 1 ग्राहक को मिलेगा ट्रिप।)
हर खरीद पर Fix Gift की गारंटी।
अन्य आकर्षक ऑफर
Motorola Phone पर No Cost EMI की सुविधा।
Premium Mobile Collection – सभी नए मॉडल्स एक ही जगह पर।
iPhone पर शानदार EMI स्कीम
iPhone 16 सिर्फ 99 प्रतिदिन की स्कीम में + Free Speaker
iPhone 15 सिर्फ 85 प्रतिदिन की स्कीम में + Free Speaker
iPhone 13 सिर्फ 64 प्रतिदिन की स्कीम में + Free Speaker
*T& Apply
नोट : पार्किंग की व्यवस्था ठीक हमारे दुकान के सामने है।
iPhone | SAMSUNG | ONEPLUS | vivo | oppo | realme | Redmi by Xiaomi | NOKIA | motorola | iQOO | NOTHING | POCO
DISHA MOBILES
अभिनंदन कॉम्पलेक्स के पास पॉवर हाऊस रोड कोरबा
92850 18500
OUR FINANCER
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
HDFC BANK
SAMSUNG Finance+
HOME CREDIT

पिछले 39 वर्षों से आपके विश्वास पर खरे उतरे

happy Dhanteras

VJ
Since 1987
PURITY IS OUR PRIORITY

कोरबा शहर का सबसे बड़ा ज्वेलरी शोरूम
लेकर आया है सबसे विस्तृत रेंज

गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर
upto 25-50% छूट

सिल्वर ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर
Flat 50% छूट

*T&C Apply


GIA

वर्धमान ज्वेलर्स

गीतांजली भवन कोरबा
मो. 9424765020, 9907410300

घंटाघर चौक निहारिका
मो. 9907822725, 9111100820

हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



## खबर संक्षेप

### घर से निकला था नहाने गए युवक की तालाब में मिली लाश

**कोरबा।** एक 34 वर्षीय युवक घर से नहाने के नाम पर निकला था। जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी और परिजन तालाब में जब जाकर उसकी खोजबीन की तो उसकी लाश तालाब से बरामद की गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरो की है। यहां निवासरत बुधवार कंवर 34 वर्ष पिता स्वर्गीय सम्मन कंवर दोपहर लगभग 3 बजे घर से नहाने के नाम पर निकला था। घंटों बीत जाने के बाद भी जब बुधवार वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी और परिजन तालाब के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बुधवार कंवर का कपड़ा तालाब के किनारे पड़ा हुआ था लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इसके उपरांत इसकी सूचना गांव के लोगों को दी गई और तालाब में उसकी खोजबीन की गई तो बुधवार का शव तालाब से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलने पर बालको पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार किन परिस्थितियों में तालाब में डूबा है और उसकी मौत कैसे हुई है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### बीमार ऊंट की मौत, छोड़कर भागा मालिक

**कोरबा।** बालको नगर स्थित सतनाम नगर इलाके में एक बीमार ऊंट की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसका मालिक उसे रस्सी से बांधकर भाग गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर छत्तीसगढ़ हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी ने ऊंट का अंतिम संस्कार किया। पिछले कुछ दिनों से सतनाम नगर क्षेत्र में ऊंट बीमार अवस्था में देखा जा रहा था। उसकी शारीरिक दशा लगातार बिगड़ रही थी। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। वेलफेयर सोसाइटी ने जेसीबी की मदद से उसे दफनाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ लोग बाहर से ऊंट को लेकर आए थे और उसे जंगल में रस्सी से बांधकर भाग गए। उन्होंने 112 और वेलफेयर सोसाइटी को इसकी सूचना दी थी, जिसके बाद पशु चिकित्सक उसका इलाज कर रहे थे। लोगों ने ऊंट को छोड़कर भागने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। पशु चिकित्सक ने जानकारी दी कि पिछले दो दिनों से ऊंट का इलाज चल रहा था। उसके मुंह में संक्रमण फैल गया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई।

## दोनों के फंड के लिए एक ही मद का होगा

# पीएचई की मल्टी विलेज योजना जल जीवन मिशन से ही होगी संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में बांगो बांध से लगभग सौ गांव को तक पानी पहुंचाने के लिए लागू की गई। मल्टी विलेज योजना भी अब जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित होगी। अब तक पीएचई विभाग की जल जीवन मिशन और मल्टी विलेज योजना अलग अलग थी। दोनों योजना के लिए विभाग को अलग अलग मद से वित्तीय राशि जारी होती थी।

घर घर तक पानी पहुंचाने वाली जल जीवन मिशन और मल्टी विलेज की एतमानगर प्रोजेक्ट दोनों अलग अलग मद से संचालित हो रहे थे। जबकि दोनों का काम घर घर तक पानी पहुंचाने का ही था। दोनों योजना के लिए अलग अलग प्रस्ताव और डीपीआर तैयार हो रहे थे।



अब दोनों योजनाओं को एक ही प्रोजेक्ट से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मल्टी विलेज योजना जल जीवन मिशन योजना के बाद आयी इस योजना अंतर्गत ग्राम एतमानगर के नाम से नया प्रोजेक्ट लागू किया गया था। इसके तहत बांगो बांध के पानी से सौ से अधिक गांव के घरों तक पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाना शामिल किया गया है और इसके लिए केंद्र सरकार से राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। जबकि जल जीवन मिशन के लिए योजना जब लागू हुई तब इसमें सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से स्वयं सेवी संस्थाओं से अनुबंध किया गया और उनको गांव गांव में जल जीवन मिशन तथा पानी के सदुपयोग के प्रति जनजागरुक लाने की जिम्मेदारी दी गई। वहीं दूसरी ओर मल्टी विलेज योजना से इस सामुदायिक भागीदारी को दूर रखा गया है और अब जल जीवन मिशन अंतर्गत मल्टी विलेज योजना भी संचालित होगी।

### मल्टी विलेज योजना में बन रही पानी टंकियां

जिस तरह से जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकियों का निर्माण गांव गांव में हो रहा है उसी तर्ज पर मल्टी विलेज योजना के तहत भी पानी टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। इन टंकियों को बांगो बांध के पानी से भरा जाएगा। और उसके बाद पाईप लाइन से योजना के दायरे में आने वाले ग्रामों तक सप्लाई की जा रही है। जबकि इसके ठीक विपरीत जल जीवन मिशन योजना में भूमिगत जल स्त्रोत से ही टंकियों को पानी से भरा जाएगा। यही कारण है कि जहां जल स्त्रोत नहीं है वहां पानी टंकियों का निर्माण तो कर दिया लेकिन पानी का भराव नहीं हो पा रहा है। जिससे योजना के सफल होने में ही सवाल खड़े हो गये हैं।

# मिनीमाता चौक व नेहरू नगर के अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोज़र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को बालकोनगर क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए मिनीमाता चौक के समीप किए गए अतिक्रमण को हटा दिया। कार्रवाई के दौरान बालकोनगर थाना पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।

बीते कुछ दिनों में मिनीमाता चौक, सिविक सेंटर के आसपास और नेहरू नगर क्षेत्र में नए अवैध निर्माण कार्य शुरू किए गए थे। इन निर्माणों के जरिए कुछ लोगों द्वारा बालको स्वामित्व वाली भूमि पर कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही थी। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बुलडोज़र चलाकर अतिक्रमण हटाया। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रोकने के निर्देश दिए गए थे, बावजूद इसके दोबारा निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी अथवा निजी स्वामित्व वाली भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अराजक तत्वों के बहकावे में न आएं और शांति बनाए रखें। यदि किसी ने अवैध रूप से भूमि घेरने या निर्माण का प्रयास किया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# टायर फटने से नहीं, बूस्टर फटने से खदान में हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका क्षेत्र की खदानों में सुरक्षा के नाम पर चल रही लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई है। बीते दिनों हुई दर्दनाक घटना, जिसमें एक मजदूर के दोनों पैर काटने पड़े, अब टायर फटने की कहानी नहीं रही बल्कि सच यह है कि हादसा ब्लास्टिंग में इस्तेमाल होने वाले बूस्टर के फटने से हुआ। जिस तरह से मजदूर का पूरा शरीर झुलस गया था उसे देखते ही इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा था कि मजदूर टायर फटने की चपेट में नहीं बल्कि इनके साथ कुछ और ही हादसा हुआ है।

हादसे के समय ट्रक का टायर उस बूस्टर के ऊपर चढ़ गया था जो विस्फोटक सामग्री के तौर पर उपयोग में लाया जाता है। परिणामस्वरूप हुआ धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास की मिट्टी, पत्थर और कंकर तक हवा में उड़ गए। मगर दीपका प्रबंधन ने इसे टायर फटने की सामान्य दुर्घटना बताकर मामले को दबाने की कोशिश की। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह घटना महज एक हादसा नहीं, बल्कि गंभीर सुरक्षा लापरवाही का नतीजा है। एसईसीएल प्रबंधन और ठेका कंपनियों द्वारा ब्लास्टिंग के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी पहले से की जा रही थी। कई बार यह बात सामने आई है कि ब्लास्टिंग जोन में न तो उचित बैरिकेडिंग की जाती है और न ही वहां कार्यरत कर्मचारियों को हेलमेट, गमबूट और सुरक्षा जैकेट जैसी बुनियादी सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। दीपका खदान क्षेत्र में ब्लास्टिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को ताक पर रखा जा रहा है। बावजूद इसके, प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### खास बातें

- एसईसीएल दीपका खदान का मामला
- कर्मियों ने लापरवाही का लगाया आरोप

### सतनाम भवन में दस दिनों तक चली स्वच्छता अभियान का हुआ समापन

**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों के द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका समापन 16 अक्टूबर को किया गया। दीपावली के बाद पुनः सतनामी समाज के आस्था का केंद्र सतनाम भवन में पुनः स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा क्योंकि स्वच्छता में ही ईश्वर वास करता है और उक्त प्रांगण परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती स्थल व गुरु पर्व स्थान है। इस संबंध में सतनामी कल्याण समिति के संरक्षक मनीराम जांगड़े में बताया है कि विगत दो माह बाद गुरु घासीदास बाबा का गुरु घासीदास जयंती एवं गुरु पर्व तीन दिवसीय मनाया जाएगा जिसमें सतनामी समाज ही नहीं अपितु गुरु घासीदास बाबा के संदेश को आत्मसात करने वाले सभी समाज के लोगों का उक्त स्थान में आगमन होता है। तीन इस वर्ष तीन दिवसीय गुरु पर्व गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान केके लहरे, नारायण लाल कुर्रे, आरडी भारद्वाज, रवि खूटे, विजय दिवाकर, डॉ बरखा रानी कुर्रे, डॉ रामगोपाल कुर्रे, नरेंद्र कुमार रात्रे, सत्येंद्र लहरिया, वरुण धृतलहरे, सचिव कुर्रे का योगदान रहा।

**प्रोसेस क्रमांकः-963/25** MISC. CIVIL APPEAL NO. 12/2025
**पेशी दिनांक 17-11-2025**

**आम ईश्तहार**

**न्यायालयः एस. शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

आशा कंवर .............अपीलार्थी

**बनाम**

शाखा प्रबंधक, भारतीय जीवन बीमा निगम वगैरह .......उत्तरवादीगण

उपरोक्त आवेदिका के द्वारा शाखा प्रबंधक, भारतीय जीवन बीमा निगम वगैरह के विरुद्ध न्यायालयः प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के समक्ष न्यायालय द्वितीय सिविल जज (सिनियर डिव्हीजन) कोरबा के समक्ष लंबित एम.जे.सी. प्रकरण क्र. 25/2025 पक्षकार श्रीमती आशा कंवर विरुद्ध शाखा प्रबंधक, भारतीय जीवन बीमा निगम वगैरह में पारित आदेश दिनांक 01.08.2025 के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 43 नियम 01 (ग) व्य.प्र.सं. आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण क्र. Misc. Civil Appeal No. 12/2025 है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 17-11-2025 की तिथि नियत है। अतः उक्त प्रकरण में आवेदिका के द्वारा आम जनता को पक्षकार बनाया गया है, इसलिए अनावेदक क्र. 02- आम जनता (जिसका इस वाद से संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 17-11-2025 को दिन के 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें। अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः-अगर उक्त पेशी दिनांक 17-11-2025 को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 14-10-2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(एस. शर्मा)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बरपाली**
**जिला-कोरबा (छ०ग०)**

क्रमांक/83/ना0तह0/वाचक/2025
बरपाली, दिनांकः-13/10/25

प्रति,

1. कौशल दास, अशोक दास वल्द बोडरा जाति पनिका निवासी तराई डांड तहसील कोरबा जिला कोरबा छ०ग०
2. अमल दास पिता बोडरा निवासी सराई सिगार (बिरदा स्कूल के पास) तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ०ग०
3. रमिला बाई, करन दास, कु. आरती, अरून दास पिता स्व. रतन दास जाति पनिका निवासी ग्राम घनाडबरी थाना कुसमुडा,तहसील कटघोरा, जिला कोरबा छ०ग०
4. कौशल बाई, कमला बाई पिता बोडरा जाति पनिका निवासी ग्राम केराकछार तहसील व जिला जांजगीर चांपा छ०ग०
5. लक्ष्मीन बाई बेवा बोडरा जाति पनिका निवासी घनाडबरी तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ०ग०
6. भूरी बाई बेवा सेवक राम जाति पनिका निवासी ठरकपुर तहसील बरपाली जिला कोरबा छ०ग०
7. अमरीका बाई पिता सेवकराम जाति पनिका निवासी ग्राम बेलाकछार तहसील व जिला कोरबा छ०ग०
8. कन्हैया बाई पिता सेवकराम जाति पनिका निवासी ग्राम चोटिया (सरवानी) तहसील व जिला जांजगीर चांपा छ०म०
9. आंगन बाई पिता सेवकराम जाति पनिका निवासी पाडीमार भदरापारा बालको जिला कोरबा छ०ग०
10. धनादास, बुधवारा सभी पिता जयलाल जाति पनिका निवासी ग्राम रामपुर आईटीआई कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ०ग०

विषयः-नियत पेशी दिनांक को उपस्थित होने बाबत।

आवेदिका श्रीमती गनपत बाई बेवा सुकृत दास निवासी सोहागपुर तहसील बरपाली जिला कोरबा छ०ग० हा०मु० आई टी आई रामपुर कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ०ग० के द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीस कोरबा जिला कोरबा के सिविल अपील कमांक 6अ/2022 पक्षकार श्रीमती गनपत बाई वगै. बनाम कौशल दास वगै० ग्राम सोहागपुर तहसील बरपाली जिला कोरबा छ०ग० में निर्णय दिनांक 17/04/2025 के परिपालन करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 31/10/2025 को नियत है। नियत पेशी दिनांक को अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

आज दिनांक-13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।



### सीधे सहकारी समिति में करा सकेंगे पंजीयन और बिकेगा धान

# वन अधिकार पट्टाधारियों को एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने से मिली मुक्ति




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान बेचने के लिए सभी किसानों को एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने के निर्देश से वन अधिकारी पत्र धारियों को राजस्व रिकार्ड में सुधार नहीं होने के कारण तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शासन ने उनको इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए उनको एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने की अनिवार्यता से अलग कर दिया है। वन अधिकार पट्टाधारी अब समिति में सीधे पंजीयन कराकर पूर्व की तरह धान बेच सकेंगे।

जिले में वन अधिकार पत्रधारियों की संख्या लगभग 2 हजार है जो प्रतिवर्ष धान खरीदी सीजन में धान बेचते हैं, इनको अन्य किसानों की तरह ही बोनस की प्राप्ति होती है। वर्तमान में राज्य सरकार ने सभी किसानों को धान बेचने के पूर्व एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने के निर्देश दिये थे। इस निर्देश के तहत एग्रोटेक में पंजीयन कराने के लिए किसानों की च्वाईस सेंटर में भीड़ लग गई। वहीं समिति के च्वाईस सेंटरों में भी किसानों की भीड़ लग रही थी। इनमें वन अधिकार पत्र धारी किसान भी शामिल थे। जिनको एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने के दौरान उनके राजस्व रिकार्ड मूल रिकार्ड से मेल नहीं खाने के कारण उनके समक्ष समस्या खड़ी हो गई थी। राज्य शासन के निर्देशानुसार अब वन अधिकार पट्टाधारी कृषक एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन नहीं कराएंगे उन्हें इस नियम से अलग कर दिया गया है और अब वे सीधे अपने क्षेत्र की सहकारी समिति में जाकर पंजीयन कराएंगे और धान बेच सकेंगे।

**खास बात**

- 31 अक्टूबर दी गई अंतिम तिथि

**राजस्व रिकार्ड के मिलान में हो रही थी समस्या**

एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के दौरान किसानों को तकनीकी समस्या खड़ी हो रही थी। राजस्व रिकार्ड में उनकी जानकारी मेल नहीं खाने के कारण पंजीयन में समस्या खड़ी हो गई। जिसके कारण राजस्व सरकार को निर्देश जारी करना पड़ा कि एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन के बाद भी किसानों को सहकारी समिति में अपने राजस्व रिकार्ड दस्तावेज जमा कराना होगा जिसके बाद धान बेचने में उन्हें सहुलियत होगी।

**बढ़ेगी किसानों की संख्या**

इस वर्ष धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जतायी जा रही है। 31 अक्टूबर तक पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के बाद यह संख्या 50 हजार के आंकड़ों को पार कर सकती है। पिछले वर्ष 44 हजार किसानों ने धान बेचा था, जबकि 49 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। बीते वर्ष धान खरीदी के दौरान औसत धान से अधिक उत्पादन वाले कृषकों का रकबा भी समर्पण कराया गया था इससे धान बेचने वाले किसानों की संख्या 44 हजार तक ही सीमित रह गई। इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा एग्रोटेक पोर्टल का नियम लाये जाने से किसानों ने इसे कम धान खरीदी करने की दिशा में सरकार के द्वारा उठाए गए कदम बता रहे थे।

# पोकलेन लेकर जा रही ट्रेलर टकराई तार से, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ट्रेलर चालक अपने ट्रेलर वाहन में पोकलेन को लोड कर दूसरे साइड ले जा रहा था कि बीच रास्ते में ऊपर से गुजरी 11 केवी के तार के संपर्क में पोकलेन आ गई जिसकी जद में आते ही गाड़ी में करंट प्रवाहित हो गया और टायर में विस्फोट हो गया। करंट की चपेट में आने से ट्रेलर चालक की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।




जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस निवासी कार्तिक लाल मिर्धा पिता आसाराम मिर्धा उम्र 45 वर्ष गुरुवार को अपने ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीटी 076 में गेवरा से पोकलेन लोड कर उसे पाली थाना क्षेत्र के ग्राम जरहागांव जा रहा था कि पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार खोल के समीप सड़क पर पहुंचा था कि ऊपर से गुजरी 11 केवी तार के संपर्क में पोकलेन आ गई जिसके जद में आते ही पूरे गाड़ी में करंट प्रवाहित हो गया और गाड़ी के टायर में विस्फोट हो गया। साथ ही गाड़ी में आग लग गई और करंट प्रवाहित वाहन की चपेट में आने से ट्रेलर चालक कार्तिक लाल मिर्धा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर कार्तिक लाल मिर्धा के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

पंचम पुण्यतिथि



अवतरण
20 अप्रैल 1985

निर्वाण
18 अक्टूबर 2020

स्व. श्री नितेश कुमार अग्रवाल (मोनू)

अपितु आज आपका नश्वर शरीर हमारे बीच नहीं है, लेकिन आपकी दिव्य आत्मा सदैव हमारे दिलों में राज करती रहेगी। आपकी मुस्कान हमें सदैव समाज सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी और पीड़ित मानवता के जीवन में आशा जगाने आपकी ललक हमेशा हमारे हाथों जीवंत होती रहेगी।

आपका मृदुल व्यवहार, अनुशासित दिनचर्या, आदर्श जीवन शैली, कर्मठता, दृढ़ निष्ठा और किसी को भी अपना बना लेने का आकर्षक व्यक्तित्व सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।

5 वर्ष पूर्व 18 अक्टूबर 2020 को आप सदा के लिए अनंत यात्रा पर चले गए, लेकिन आप हमारे मानस पटल पर चीर स्मरणीय बने रहेंगे।

पंचम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...

बहूनि में व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन। तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप !

ॐ शांति

शोक संतप्त परिवार

ॐ शांति

राजबीर प्रसाद- श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल (ताऊ-ताई)
राजकुमार- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल (पापा-मम्मी), भगवान दास- श्रीमती मंजू अग्रवाल (चाचा-चाची)
दिनेश, विकास, पंकज, आशीष, रवि, विपुल, सारांश, समर्थ, तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन एवं समस्त अग्रवाल परिवार

फर्म :
सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी प्रा.लि. कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
आद्या फ्युल्स एवं छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स राईस मिल, लखनपुर रोड सुतर्रा (कोरबा)
नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो.: 9826670261
सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि.
मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन कोरबा (छ.ग.)

प्रेरणा : नितेश कहा करते थे - काम को जुनून बना लो... परिश्रम को हम सफर... श्रम की पूजा से ईश्वर भी मदद करता है...।



## खबर संक्षेप

### बाल संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों को परिसर पर ध्यान रखने किया गया निर्देशित

**कोरबा।** अधीक्षक शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) ने बाल सम्प्रेक्षण गृह (बालक) में शराब की बोतलें और आपत्तिजनक समान मिलने के सम्बंध में बताया कि जिला बाल संरक्षण ईकाई के अधिकारीयों व कर्मचारियों को रात्रिकालिन ड्यूटी संप्रेक्षण गृह में बालको के देखरेख व निगरानी व्यवस्थापन हेतु लगाई गई थी। रोस्टर ड्यूटी के अनुसार राजीव राज, अशोक राजवाड़े और गणेश जायसवाल उपस्थित हुए। बाल सम्प्रेक्षण गृह में रात्रिकालिन ड्यूटी वाले कर्मचारी पूरनचंद विश्वाल (हाउस फादर) व सुरेश पैकरा (नगर सैनिक) उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बाल सम्प्रेक्षण गृह का परिसर बहुत बड़ा और खुला हुआ है एवं बाहर में कोई गार्ड की व्यवस्था नही है, साथ ही परिसर में अन्य गृह पर कार्य चल रहा है जिसके कारण बाहरी व्यक्तियों का आना जाना लगा रहता है। सार्वाजनिक शौचालय पीछे की तरफ है जिसके कारण किसी भी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा शराब की खाली बोतल परिसर में रखा गया होगा। उन्होंने बताया कि ड्यूटी के दौरान संस्था के कोई भी कर्मचारी नशे की हालत में नही थे। उक्त घटना के संबंध में कार्यवाही करते हुए कर्मचारियों को नोटिस जारी कर अंतिम चेतावनी भी दिया गया है एवं समस्त कर्मचारियों को संस्था परिसर के अंदर के साथ ही साथ बाहरी परिसर का भी ध्यान रखने निर्देशित किया गया है।

### हाथी पहुंचे मड़ई, 12 विचरण कर रहे बनिया में

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। पसान व एतमानगर रेंज में विचरण कर रहे हाथियों के झुण्ड ने बीती रात उत्पात मचाते हुए एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया। जानकारी के अनुसार 26 हाथियों का झुण्ड केंदई रेंज के चोटिया क्षेत्र में विचरण कर रहा था। हाथियों के इस झुण्ड ने बीती रात आगे का रूख किया और जंगल ही जंगल होते हुए एतमानगर रेंज की सीमा में प्रवेश किया और मड़ई के पास पहुंचने के साथ ही जंगल में डेरा डाल दिया। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। मड़ई व आसपास के गांव में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। 12 हाथियों का झुण्ड अभी भी बनिया गांव में है। हाथियों के इस झुण्ड ने बीती रात उत्पात मचाते हुए 12 ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंदने के साथ मटियामेट कर दिया।

### ऑटो मोबाइल और ज्वेलरी मार्केट में आज जमकर होगी खरीदारी

# धनतेरस व दीपावली पर बाजार में ग्राहकों के लिए उपहारों की बौछार




धनतेरस के पूर्व संध्या पर सजा बाजार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांच दिन तक चलने वाले दीपोत्सव पर्व की शुरुआत धनतेरस से हो रही है और यह दिन खरीदारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। चाहे सोने चांदी की खरीदारी हो या बर्तन या गाड़ियों की। हर आदमी धनतेरस की शुभ घड़ी पर खरीदारी को महत्व देता है वहीं ग्राहकों के लिए शहर के व्यवसायियों के लिए उपहारों की स्कीम के साथ बाजारों में उतारी है।

धनतेरस पर आज जमकर खरीदारी होगी। पुष्पनक्षत्र पर खरीदारी की अच्छी शुरुआत हुई थी उसके मद्देनजर व्यवसायियों को धनतेरस में अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद है। ज्वेलरी मार्केट से लेकर कपड़े की खरीदारी तथा ऑटो मोबाइल सेक्टर और इलेक्ट्रानिक मार्केट धनतेरस के स्वागत के लिए तैयार हो चुका है। व्यवसायियों को इस बार उम्मीद है कि अच्छा मौसम होने के कारण शनिवार को खरीदारी अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा होगी। औद्योगिक क्षेत्र में कामगारों को मिले बोनस और जीएसटी 2 से घटे दाम धनतेरस की शोभा बढ़ाएंगे। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए संचालकों ने दुकान की साज सज्जा और आफर में कोई कसर नहीं छोड़ी है। औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत अधिकारी वर्ग से लेकर कर्मचारियों के हाथों बोनस की राशि बाजार को बूम कर दिया है। जरूरत की हर छोटी बड़ी इलेक्ट्रानिक सामानों को धनतेरस व दिवाली के दिन ले जाने के लिए अग्रिम बुकिंग कराने लोग बाजार पहुंचने लगे हैं। एसी, फ्रीज, कूलर, इंडक्शन, एलईडी, मिक्सी, वाशिंग मशीन जैसे सामानों के निर्माता कंपनियों ने ग्राहक के पसंद अनुरूप अत्याधुक डिजाइन के सामान बाजार में उतारे हैं। शहर में व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते दुकान संचालकों में भी बेहतर सेवाएं देने की होड़ लगी है। इलेक्ट्रानिक की गुणवत्ता सर्विसिंग सुविधा के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। खास बात यह है कि आनलाइन खरीदी के बजाए त्यौहारी सीजन में लोग बाजार तक चलकर अपनी पसंदीदा सामानों का चयन कर रहे हैं। शहर के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्रों के बाजारों में भी लोगों की गहमा-गहमी देखी जा रही।

#### कम ब्याज और आसान किश्तों में भुगतान की सुविधा

खरीदारी के लिए सीमित बजट वाले मध्यम वर्गीय परिवारों की भी इलेक्ट्रानिक में उपस्थिति देखी जा रही है। एक समय था जब फ्रीज, कूलर, बिग्र स्क्रीन एलईडी की खरीदी में उच्च वर्गीय परिवार के लोगों का ही दबदबा रहता था। शून्य प्रतिशत ब्याज और आसान किस्तों में स्टालमेंट सुविधा होने से आम लोगों के लिए इलेक्ट्रानिक बाजार की राह आसान हो गई हैं।

#### ज्वेलरी के बढ़े दाम फिर भी थम नहीं रही खरीदारी

इन दिनों देशभर का मार्केट ज्वेलरी व्यवसाय के उछाल के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। सोना और चांदी जिस कदर अपनी कीमतों में उछाल लिए हैं उससे एक बार यह लग रहा था कि खरीदारी कम होगी किंतु ज्वेलरी मार्केट में हो रही खरीदारी ने ये साबित कर रहा है कि ज्वेलरी के बढ़े हुए दाम के बाद भी इसकी खरीदारी में कोई कमी नहीं आयी है। चाहे वह निवेश की दृष्टि से खरीदा जा रहा हो या फिर जरुरत की दृष्टि से जो भी हो मार्केट में एक से एक ज्वेलरी वैरायटी जिस तेजी से आ रही है उससे यह साबित होता है कि ज्वेलरी के बढ़े दाम ने भी इसकी खरीदारी में हुई बढ़ोत्तरी को नहीं रोक पाया है।

#### धनतेरस से देवउठनी तक बुकिंग व वेटिंग

फ्रीज, एलईडी, वाशिंग मशीन जैसे सामानों की प्रत्येक बड़े दुकानों में 500 से 1000 संख्या में गुरूपुष्य में नक्षत्र में बिक्री हो चुकी है। कई कलर के माडल के लिए लागों देव उठनी तक इंतजार करना पड़ रहा है। लोगों ने देव उठनी के अलावा छठपूजा के लिए भी बुकिंग करा रखा है। 29 अक्टूबर को धनतेरस और 31 अक्टूबर को दिवाली के लिए सर्वाधिक बुकिंग हुई है।

#### शुभ महुर्त पर खरीदारी के लिए बुकिंग

ज्यादातर लोग शुभ मुहुर्त के साथ त्यौहारी उपहार आफर के इंतजार में थे। इस बार ग्राहकों का रूझान नए माडल के सामानों की ओर है। दिवाली पर्व को लेकर इलेक्ट्रानिक सामानों के बाजार में अब उठाव देखा जा रहा है। ग्राहकों के विश्वास पर उतरने के लिए हम हर समय तत्पर हैं। अग्रिम बुकिंग के लिए खासी संख्या में लोग संस्थान में पहुंच रहे हैं।

### घर से हजारों की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्यापुरी दर्री निवासी दीपक कुमार साह उम्र 25 वर्ष पिता सुदर्शन साह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 16 अक्टूबर की रात लगभग 3 से 4 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोर ने घर के बैग में रखे 60 हजार रुपए नगद एवं एक मोबाइल फोन को चोरी कर लिया है। दीपक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।







